ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 14-10-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-10-14 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-10-15	2021-10-16	2021-10-17	2021-10-18	2021-10-19
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	3.0	80.0	80.0
अधिकतम तापमान(से.)	25.0	24.0	24.0	21.0	20.0
न्यूनतम तापमान(से.)	15.0	16.0	15.0	13.0	13.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	45	50	65	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	40	40	55	60	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	8.0	10.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	100	120	120	120
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	1	2	8	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 16 अक्टूबर को कहीं-कहीं हल्की वर्षा तथा 17 व 18 अक्टूबर को भारी वर्षा की सम्भावना है तथा आसमान में कहीं-कहीं आंशिक से घने बादल छाये रहेंगे। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 20.0 से 25.0 व 13.0 से 16.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा। हवा के 6.0-10.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम व पूर्व-दक्षिण-पूर्व से चलने का अनुमान है। । ईआरएफएस के अनुसार, 17 से 23 अक्टूबर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम व अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। चेतावनीः आगामी 17 व 18 अक्टूबर को कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा, गरज के साथ आकाशीय बिजली, ओला गिरने तथा हवा के तेज गति से चलने की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी 16, 17 व 18 अक्टूबर को वर्षा की सम्भावना को देखते हुए किसान भाई कटी हुई परिपक्व फसलों को सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	कम ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में, असिंचित दशा में अक्टूबर के द्वितीय पखबाड़े में चने की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। बुवाई के पहले बीज को उपचारित करें।
जौ	फसल की बुवाई असिंचित दशा में अधिक उँचाई वाले क्षेत्रों मे माह के प्रथम पखवाड़े में करें।
गेहूँ	असिंचित दशा में अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गेहूँ की बुवाई कर सकते है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
चुकंदर	जो किसान भाई पर्वतीय क्षेत्र में चुकन्दर की बुवाई करना चाहते है वह इस माह बुवाई कर सकते है।
मेंथी	किसान भाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर मेथी की बुवाई कर सकते है।
प्याज	प्याज की स्थानीय किस्म के बीजों की नर्सरी में बुवाई करें।
सब्जी पीईए	किसान भाई मटर की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें तथा बुवाई से पूर्व बीज को बावस्टिन के 2 ग्राम/किग्रा बीज की दर से उपचारित करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	ज्यादातर भैस इस माह मदकाल में आते हैं। इसलिए पशुओं में मदकाल के लक्षणों का सुबह-शाम नियमित रुप से निरीक्षण करें, ताकि पशु का मदकाल बिना गर्भ धारण के निकल न जायें।
गाय	ज्यादातर गाय इस माह मदकाल में आते हैं। इसलिए पशुओं में मदकाल के लक्षणों का सुबह-शाम नियमित रुप से निरीक्षण करें, ताकि पशु का मदकाल बिना गर्भ धारण के निकल न जायें।